हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025


तापमान

अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री


12 क्रिसमस पर प्रभू यीशू के दिखाए मार्ग पर चलने...





12 ई-गवर्नेंस के माध्यम से सरकारी कार्यों में सरलीकरण...




## खबर संक्षेप

### दहेज प्रताड़ना मामले में एक आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने दहेज के लिए मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। जब उनके बीच बातचीत सिरे नहीं चढ़ी तो पुलिस ने 22 सितंबर को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के बलबोर निवासी अजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट में घायल व्यक्ति के बयान पर गत 24 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद इस मामले में मांढैया निवासी राकेश व आसलवास निवासी पवन को गिरफ्तार कर लिया। दोनों पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। बाद में आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### हादसों के बाद फरार चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने 21 दिसंबर को हुए हादसे के बाद आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। चालक हादसे के बाद मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद इस मामले में वाहन चालक यूपी के परखापुर निवासी अजमल को गिरफ्तार कर लिया। उसका वाहन भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।

### आर्म्स एक्ट के तहत नाबालिग अभिरक्षा में

**रेवाड़ी।** बावल थाना पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला नाबालिग अवैध हथियार के साथ घूम रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर उसे काबू कर लियाञ्ज नाबालिग के कब्जे से देशी कट्टा और तीन कारतूस बरामद हुए। उसे जुवनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष करने के बाद बाल सुधार गृह फरीदाबाद भेज दिया गया। पुलिस हथियार मुहैया कराने वाले की तलाश कर रही है।

## अलविदा 2025 : जिले को मिली करोड़ों की योजनाएं, नए वर्ष में तेजी से आगे बढ़ेगा म्हारा रेवाड़ी

उम्मीदों से भरा वर्ष 2026

# भाड़ावास रेलवे फाटक आरओबी व आउटर बाईपास मिलने से सुगम-आसान हुआ सफर

आगामी वर्ष में खिलाड़ियों को मिलेगा सिंथेटिक ट्रैक, एम्स में ओपीडी व एमबीबीएस कक्षाएं होंगी शुरू

हेमंत शर्मा ▶▶| रेवाड़ी

रेवाड़ी का विकास निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हो रहा है। नव वर्ष 2026 में अनेक परियोजनाओं के मिलने से जिले को और भी उम्मीदों के पंख लगने वाले है। उम्मीदों के गुलदस्ते से लबरेज आने वाला साल 2026 का आगाज पूरी कायनात में जल्द ही हो जाएगा। वर्ष 2025 में जिले को जहां कई सरकारी परियोजनाएं मिल चुकी है, वहीं काफी परियोजनाओं पर काम चल रहा है, जोकि नव वर्ष 2026 में जिलावासियों के लिए राहत व सुविधा लेकर आएगी। 2025 में जिलावासियों को तीन नेशनल हाइवे को कनेक्टिविटी देने वाला करोड़ों रुपये का आउटर बाईपास मिल चुका है। रेवाड़ी-शाहजहांपुर रोड पर स्थित भाड़ावास रेलवे फाटक पर आरओबी व अंडरपास से सफर सुगम हो गया है। इसके अलावा करोड़ों रुपये की लागत से सड़क तंत्र का मजबूती प्रदान की जा रही है। माजरा में बन रहे करीब 1600 करोड के एम्स का निर्माण भी तेजी से चल रहा है, जिसमें नए वर्ष में ओपीडी व एमबीबीएस की कक्षाएं भी शुरू हो जाएंगी।



रेवाड़ी। माजरा में एम्स का तेजी से चल रहा निर्माण कार्य।

### भाड़ावास फाटक पर सुगम हुआ सफर

रेवाड़ी-शाहजहांपुर स्टेट हाइवे स्थित भाड़ावास रेलवे फाटक पर रेलवे ओवरब्रिज व अंडरपास शुरू हो चुका है। आरओबी पर करीब 6 माह से वाहन सरपट दौड़ रहे है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जून माह में ओवरब्रिज का उद्घाटन किया गया था। ओवरब्रिज का निर्माण कार्य सितंबर 2021 में शुरू किया गया था। हरियाणा राज्य सड़क एवं पुल विकास निगम यानि एचएसआरडीसी व रेलवे की ओर से 60 करोड़ रुपये की लागत से आरओबी तैयार किया गया है। ओवरब्रिज के बनने से रेवाड़ी-शाहजहांपुर मार्ग पर स्थित सैकड़ों गांवों तथा आसपास की कॉलोनियों के लोगों को काफी राहत मिली है, लेकिन अभी आरओबी के पास सर्विस रोड की समस्या बनी हुई है तथा स्ट्रीट लाइटों का काम बाकी है। इस कार्य के नए साल में पूरा होने की उम्मीद है।

### तीन नेशनल हाइवे से हुई कनेक्टिविटी

जिले को भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत एनएचएआई की ओर से करीब 800 करोड़ रुपये की लागत से 14.5 किलोमीटर लंबा आउटर बाईपास मिल चुका है। हांलाकि बीच-बीच में बाईपास को कई बार खामियों के कारण बंद किया गया, लेकिन इससे अब सफर सुगम हो चुका है। बाईपास पर डीएफसीसीआईएल की रेलवे लाइन को क्रॉस करने के लिए 111.5 मीटर लंबाई के स्पॉटलैस स्टील ब्रिज का निर्माण कराया गया है। बाईपास से खासकर भारी वाहनों के शहर में प्रवेश करने से छुटकारा मिल गया है, जिससे शहर से भी ट्रैफिक का दबाव काफी कम हो गया। आउटर बाईपास से हजारों वाहन तीनों नेशनल हाईवे पर सरपट दौड़ते हुए आवागमन करने लगे है।



रेवाड़ी। 2025 में शुरू हुआ आउटर बाईपास।

### नव वर्ष में खिलाड़ियों को मिलेगा सिंथेटिक ट्रैक

शहर के दिल्ली रोड स्थित राव तुलाराम स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक बनाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। ट्रैक बनाने का कार्य करीब 25 प्रतिशत पूरा भी हो चुका है। ट्रैक के कार्य को पूरा होने के लिए अप्रैल तक की उम्मीद जताई जा रही है। खेल निदेशालय की ओर से करबी 9.69 करोड़ की लागत से सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण कराया जा रहा है। ट्रैक पर 65 लाख रुपये की फ्लड लाइट भी लगाई जाएगी। सिंथेटिक ट्रैक के बनने पर जिले से लेकर नेशनल लेवल तक के खेल आयोजित कराए जा सकेंगे। प्रदेश के गुरुग्राम, फरीदाबाद, रोहतक, अंबाला, सोनीपत, पानीपत, भिवानी, पंचकूला, यमुनानगर, करनाल, कुरुक्षेत्र, हिसार और जींद के नरवाना में सिंथेटिक ट्रैक बना हुआ है। इसलिए इन जिलों से एथलेटिक्स में बेहतर खिलाड़ी निकल रहे हैं। अब रेवाड़ी में भी सिंथैटिक ट्रैक तैयार होने के बाद खिलाड़ियों को काफी सुविधा मिलेगी।

### एम्स की ओपीडी व एमबीबीएस कक्षाएं होंगी शुरू

माजरा में एम्स का निमार्ण कार्य तेजी से चल रहा है। पीएम मोदी ने पिछले साल 16 फरवरी को एम्स का शिलान्यास किया था। 40 प्रतिशत तक बन चुके इस भवन में विश्व स्तरीय मेडिकल सेवाओं की शुरूआत नए साल के मार्च में हो सकती है, जिसके लिए केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग को 1700 डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए फाइल तैयार करके भेजी गई है। नीट की परीक्षा के बाद अगस्त-सितंबर से एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। करीब 1600 करोड़ की लागत से तैयार किए जा रहे एम्स के बनने से रेवाड़ी सहित आसपास के जिलों को काफी सुविधा मिलेगी।



रेवाड़ी। राव तुलाराम स्टेडियम में चल रहा सिंथेटिक ट्रैक बनाने का कार्य।



रेवाड़ी। रेवाड़ी-शाहजहांपुर स्टेट हाइवे पर शुरू हुआ आरओबी।



रेवाड़ी। नई अनाजमंडी में चल रहा करोड़ों का विकास कार्य।

### बस स्टैंड कार्य शुरू होने की उम्मीद

शहर के दिल्ली रोड पर 95.14 करोड़ की लागत से बनी जेल का भी उद्धाटन हो चुका है तथा पुरानी जेल से कैदियों को जेल में शिफ्ट कर दिया गया है। इसके अलावा धारूहेड़ा में 12 करोड़ 78 लाख रुपए की लागत से बनने वाले बस स्टैंड व रेवाड़ी में 65 करोड़ 32 लाख 85 हजार रुपए की लागत से नए 18 बेज आधुनिक बस स्टैंड एवं रोडवेज वर्कशॉप का निर्माण कार्य भी आगामी वर्ष में शुरू होने की उम्मीद है। अनाजमंडी में करीब 6.43 करोड की लागत से कार्य किए जा रहे है, जिसमें 1.75 करोड से चारदीवारी, 22 लाख की लागत से किसान भवन की मरम्मत, 24 लाख से मार्केट कमेटी का तीन मंजिला नया भवन व 22 लाख की लागत से मार्केट कमेटी के आवासीय क्वार्टरों की मरम्मत की जा रही है।

## कंपनी कर्मचारी ने खरीदे 2.5 लाख के सिक्के सुनार को बेचने के चक्कर में पकड़ा गया

■ गुरूग्राम की कंपनी में कार्यरत है बिहार का युवक, पुलिस मुख्य आरोपी का पता लगाने के प्रयास में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गुरूग्राम की एक कंपनी का कर्मचारी सस्ता सोने खरीदने के बाद उसे सुनार को बेचने के प्रयास में फंस गया। सुनार ने अन्य दुकानदारों के साथ मिलकर उसे काबू कर लिया। नकदी सोने के लगभग 500 सिक्के उसके पास से बरामद हुए हैं। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो इस बात का खुलासा हुआ कि वह खुद ठगी का शिकार हो चुका है। पुलिस मुख्य आरोपी का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

सर्राफा बाजार में एक युवक सोने का सिक्का लेकर सुनार के पास बेचने के लिए पहुंचा था। चेक करने के बाद सुनार बताया कि सिक्का असली है। इसके बाद उसने बताया कि उसके पास ऐसे बहुत सारे सिक्के हैं। सुनार ने उससे सिक्के खरीदने की बात कही। इसके बाद युवक सुनार के पास लगभग 500 सिक्के लेकर पहुंच गया। चेक करने पर सिक्के नकली पाए गए। सुनार ने उसे ठग समझते हुए आसपास के दुकानदारों को एकत्रित कर लिया। इसके बाद उसे सिटी पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने युवक को हिरासत को लेकर पूछताछ शुरू की, तो यह बात सामने आई कि युवक खुद ठगी का शिकार हो चुका है। मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर में वह नकली सोने के सिक्के खरीद बैठा। सिक्के बेचने के प्रयास में वह खुद उलझ गया।

### बैंक से 2.5 लाख रुपये निकलवाए थे

आरंभिक पुलिस पूछताछ में युवक ने बताया कि वह गुरूग्राम की एक कंपनी में कार्यरत है। उसे फोन पर एक युवक ने सोने के सिक्के देने की बात कही थी। पहले उसने एक सिक्का दिया, जो जांच के दौरान असली पाया गया। बाद में उसने बैंक खाते से 2.5 लाख रुपये निकलवाकर उससे सिक्के खरीद लिए। जब वह सिक्के बेचने का प्रयास कर रहा था, तो सुनार के हाथों पकड़ में आ गया। पुलिस ने उससे पूछताछ करने के बाद मुख्य आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### रतनथल के सात लोगों पर गलत जानकारी देकर रजिस्ट्री कराने पर केस दर्ज

**कोसली।** कोसली के संयुक्त सब रजिस्ट्रार ने उपमंडल अधिकारी के आदेश पर बास रतनथल गांव के 7 लोगों पर गलत जानकारी देकर रजिस्ट्री कराने का आरोप लगाते हुए कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। बास रतनथल गांव के सतपाल, बसन्त पाल, प्रदीप, भूपेन्द्र, सविता, महीपाल व लक्ष्मी ने वसिका नंबर 224 12 मई 2023 व खेवट नंबर 696, खाता नंबर 748 मुस्तिल नंबर 122, किला नंबर 21/2(5-2) चाही रकबा 5 कनाल 2 मरला वाक्या रकबा मौजा रतनथल तहसील कोसली बमुजिब जमाबंदी साल 2017-18 व इंतकाल नंबर 4487-5272-5283-5290 की बिक्री के समय रजिस्ट्री में कोई अदालत या किसी विभाग से कोई मुकद्दमा बकाया नहीं होने बारे गलत जानकारी दर्ज कराकर भूमि की बिक्री की है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही घटनाओं के विरोध में भारत रक्षा मंच का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

भारत रक्षा मंच गुड़यानी की ओर से बांग्लादेश में हिंदुओं के विरुद्ध हो रही घटनाओं के विरोध में वीरवार को कोसली स्टेशन क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन किया गया। भारत रक्षा मंच की हरियाणा महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता गुड़यानी ने बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही अनैतिकता एवं सामूहिक नरसंहार की घटनाओं पर को दुखद बताते हुए कहा कि यूनुस राज में बांग्लादेश में हिंदुओं का हाल देखकर भारत के हर सनातनी में गुस्सा है। झूठे आरोप लगाकर हमारे न जाने कितने दीपू मारे व जलाए जा रहे हैं। उनके घरों, प्रतिष्ठानों व सम्पत्ति को आग के हवाले किया जा रहा है। अपने देश की युवा पीढ़ी व बांग्लादेश के लोगों को यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत ने किन परिस्थितियों में कैसा संघर्ष कर बांग्लादेश को पाकिस्तान की क्रूरता से मुक्ति दिलाई थी। आज बांग्लादेश सब भूलकर इस समय पाकिस्तान की भाषा बोल रहा है। उन्होंने सभी से एकजुट होकर भारत सरकार से बांग्लादेश के हिंदुओं को बचाने के लिए उचित कदम उठाने की अपील करने का अनुरोध किया। कैप्टेन राजेंद्र सिंह ने सभी से जागरूक रहने की अपील की। इस अवसर पर पार्षद जीवन हितेषी, राममेहर यादव, रमेश मीणा, प्रताप सैनी, रतन सिंह, विजय कुमारी लुखी, सूबेदार रामवतार, लखजीत चौहान ,ओमल सिंह तंवर, राज विजय तंवर, जय प्रकाश यादव, कमलेश, पुनीत व तेजपाल गर्ग सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।




रेवाड़ी। कोसली स्टेशन के पर प्रदर्शन करते भारत रक्षा मंच के कार्यकर्ता।

## जब धरती पर अधर्म चरम पर होगा, तब भगवान विष्णु कल्कि अवतार लेंगे: डा. मिश्र



रेवाड़ी। अग्रवाल भवन में चल रही कथा में मौजूद श्रृद्धालु। *फोटो: हरिभूमि*



रेवाड़ी। अग्रवाल भवन के कथा का वाचन करते डा. मिश्रा।

■ डा. काशीनाथ मिश्र ने की भविष्यवाणी, 2032 में होगा कलयुग का अंत, सतयुग का आरंभ, आने वाले 6 साल संसार के लिए सबसे कठिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

विश्व सनातन धर्म सेवा ट्रस्ट की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथामृत के तीसरे दिन जगन्नाथ संस्कृति के प्रकांड विद्वान एवं भविष्य मालिक पुराण के रचयिता डा. पंडित काशीनाथ मिश्र ने भारत को लेकर कई बड़ी भविष्यवाणिया कर डाली। डा. मिश्र ने साल 2032 में कलयुग के अंत और सतयुग के शुरूआत को लेकर कहा कि आने वाले 6 सालों में भारत में भारी अकाल पड़ेगा। संसार भर में केवल 7 प्रतिशत लोग ही बचेंगे और जहां तक भारत का सवाल है तो भारत में सिर्फ 33 करोड लोगों की आबादी रहेगी। केवल धर्म पर चलने वाले लोग ही इस पृथ्वी पर रहेंगे। डा. काशिनाथ मिश्र वीरवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित अग्रवाल भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व पत्रकारवार्ता में बोल रहे थे। डा. मिश्र ने कहा कि कलयुग के अंत में जब धरती पर अधर्म और पाप अपनी चरम सीमा पर होंगे, तब भगवान विष्णु कल्कि अवतार लेंगे, जो दुष्टों का संहार कर धर्म की पुनर्स्थापना करेंगे, जिसके बाद एक नया सतयुग शुरू होगा। भागवत कथा के तीसरे दिन बावल से विधायक डा. कृष्ण कुमार अपनी टीम के साथ भगवान जगन्नाथ की वंदना करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि भागवत कोई साधारण पुस्तक नहीं, बल्कि वह महापुराण है, जिसके सुनने मात्र से समस्त पापों का नाश हो जाता है। डा. मिश्र ने विधायक का पटका पहनाकर स्वागत किया।

### एपीके फाइल भेजकर साढ़े 15 लाख की ठगी में दो आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** साइबर थाना पुलिस ने एपीके फाइल भेजकर एक व्यक्ति से साढ़े 15 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान यूपी के जिला इटावा के मोहल्ला मकसूदपुरा निवासी जाहिद व जिला इटावा के इमामवाड़ा निवासी फरहान खान के रूप में हुई है। गांव मालपुरा निवासी देवेंद्र सिंह ने अपनी शिकायत में बताया था कि गत 1 नवंबर को उसके के व्हाट्सएप पर एक एपीके फाइल मिली थी। फाइल पर क्लिक करने के बाद उसका मोबाइल फोन हैंग हो गया। 5 नवंबर को उसने अपना मोबाइल फोन रिसेट करने के बाद बैंक जाकर पूछताछ की तो 1 नवंबर से 5 नवंबर तक उसके बैंक खाते से 11 ट्रांजेक्शन के जरिए साढ़े 15 लाख रुपये दूसरे खातों में ट्रांसफर कर लिए गए। जांच के बाद पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त दो आरोपी यूपी के जिला इटावा के मोहल्ला मकसूदपुरा निवासी जाहिद व जिला इटावा के इमामवाड़ा निवासी फरहान खान को गिरफ्तार कर लिया है।

### बार-बार बदल रहा मौसम का मिजाज बढ़ा रहा परेशानी

## सुबह के समय कोहरा व दिन में शीतलहर कर रही परेशान, रात के तापमान में आई गिरावट

■ बर्फीली हवाएं चलने के कारण जल्द पाला जमना शुरू हो सकता, एक्यूआई के स्तर में नहीं आ रहा सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिसंबर माह के अंत में मौसम का मिजाज काफी ठंडा हो गया है। सुबह के समय कोहरा, दिनभर चलती शीत लहर लोगों को परेशान कर रही है। इस सप्ताह मौसम परिवर्तनशील बना रह सकता है। सप्ताह में बूंदाबांदी के आसार भी बन रहे हैं। वीरवार को सुबह के समय कोहरे के बाद शीत लहर से कंपकंपी रही। इसके बाद सूर्यदेव के आगमन पर लोग धूप सेंकते हुए नजर आए। दिन का तापमान मामूली बढ़ गया, लेकिन रात के तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई है। आगामी सप्ताह से मौसम में बदलाव आने की संभावना है।

वीरवार को सुबह के समय हल्का कोहरा छाया रहा। सुबह 8 बजे के बाद सूरज निकला, तो तेज धूप से कड़ाके की ठंड का असर कुछ हद तक कम हो गया। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात का तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 4 डिग्री पर आ गया। दिन के समय तेज हवाएं कंपकंपी छुड़ाती रहीं। दोपहर तक सूरज की तपिश ने सर्दी का असर कुछ कम कर दिया। धूप खिलाने के बाद लोग इसका आनंद उठाते नजर आए। ठंड का प्रकोप अभी जनवरी माह में बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार बर्फीली हवाएं चलने से पाला जमने के आसार नजर आ रहे हैं। नए साल के शुरू में ही मौसम में एक बार फिर बदलाव आ सकता है, जिससे बरसात या ओलावृष्टि भी हो सकती है।



25 रेवाड़ी 21 का फोटो कैप्शन :

### नुकसान का डर

बर्फीली हवाएं चलने के कारण जल्द पाला जमना शुरू हो सकता है। अभी तक सरसों और गेहूं की फसल काफी अच्छी स्थिति में हैं। अब अगर पाला जमना शुरू होता है, तो यह सरसों की फसल को नुकसान पहुंचा सकता है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार पाला जमने की स्थिति में किसानों को फसलों की हल्की और नियमित सिंचाई करनी चाहिए। इससे जमीन का तापमान बढ़कर पाला जमने से रोकेगा। बढ़ते प्रदूषण से निजात दिलाने के लिए यह बरसात का काफी कारगर साबित हुई है। धारूहेड़ा के एक्यूआई स्तर में अभी सुधार नहीं हो रहा है। प्रदूषण की समस्या से राहत मिल रही है। वीरवार को सुबह 8 बजे एक्यूआई 203 रहा तथा शाम को 5 बजे एक्यूआई बढ़कर 235 हो गया।




कमिटमेंट / अंशु सिंह

बच्चो, नया साल आने वाला है। तुमने प्लानिंग शुरू कर दी होगी, इसे कैसे सेलिब्रेट करेंगे। नया साल तुम्हारे लिए कैसे बेहतर साबित हो, तुम्हारे क्या नए रेजॉल्यूशन हों। नए साल में तुम ऐसा नया क्या करो, जो तुम्हें खुशी मिले, सफलता की राह बने, जानो।

# न्यू ईयर के लिए डिसाइड करो कुछ अलग रेजॉल्यूशन

**ब**च्चो, नया साल आने ही वाला है। सभी इसकी कुछ न कुछ तैयारी में लगे हैं, ताकि नए साल का जश्न शानदार और यादगार बन सके। बच्चो, तुम सबने भी कुछ प्लानिंग की होंगी। बहुत कुछ सोचा होगा कि नए साल के स्वागत में क्या-क्या करेंगे? कहां पार्टी करेंगे, कहां घूमने जाएंगे, परिवार के अलावा दोस्तों के साथ मस्ती कैसे करेंगे? इतना ही नहीं, नए साल में क्या नया रिजॉल्यूशन लेंगे, इसके बारे में भी सोचा होगा। लेकिन ये सब तो आमतौर पर सभी करते हैं। तुम अलग क्या करोगे? ऐसा क्या करोगे, जो तुम्हारे लिए सिर्फ एक दिन या रात का जश्न न हो, बल्कि हर दिन, नए उत्साह और नई उम्मीद से भरा देखें। समस्याओं से कभी घबराएं नहीं। बेवजह गुस्सा न करें, बड़ों की सलाह मानकर आगे बढ़ें। तो बच्चों क्या तुम तैयार हो, ऐसा कुछ करने के लिए?



## जरूरी है इरादों में दृढ़ता

कई बच्चे दोस्तों या बड़ों की देखा-देखी में रेजॉल्यूशन तो ले लेते हैं, लेकिन उसे पूरा करने के लिए जो दृढ़ता चाहिए, वो उनमें नहीं होती है। बच्चो, जब तुम कोई लक्ष्य बनाओ, कोई टारगेट फिक्स करो तो उसे पूरा करने के लिए मेहनत, आत्मविश्वास के साथ मन में दृढ़ता जरूर होनी चाहिए। नए साल में इस बात को ध्यान में रखो।



## पहचानो अपनी खूबी

बच्चो, हर किसी में कोई न कोई खूबी जरूर होती है। तुम्हारे अंदर भी होगी। कई बार इस खूबी को पहचानने में देरी होती है। इसमें टीचर्स, पैरेंट्स, दोस्त या घर के बड़े हमारी मदद करते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज गेंदबाज कुलदीप यादव को सभी जानते हैं। अपने चाचा को क्रिकेट खेलते देखकर, उनकी दिलचस्पी इस खेल में हुई। फिर पिता जी ने मोटिवेट किया कि वह पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट भी खेलें। कुलदीप, पेस बॉलर बनना चाहते थे। लेकिन जब पहली बार कोच के पास पहुंचे, तो उन्होंने उनके अंदर छिपी प्रतिभा को पहचाना और स्पिन गेंदबाजी के लिए प्रेरित किया। पहले थोड़ा झटका लगा। लेकिन वे उन पर विश्वास कर आगे बढ़े और उनका फैसला सही साबित हुआ। बच्चो, नए साल में तुम भी अपने अंदर की खूबी को पहचानो, जैसे तुम्हारे भीतर सिंगिंग, पेंटिंग, डॉसिंग या राइटिंग का टैलेंट हो तो उसे संवारने का संकल्प ले सकते हो। साथ ही दूसरों की खूबियों से नया सीखने की भी कोशिश करो।

## पैरेंट्स के साथ करो खुलकर बातें

बच्चों की एक आम शिकायत रहती है कि पैरेंट्स उन्हें अपने मन का करने नहीं देते। जरूरत से ज्यादा रोकते-टोकते हैं। उन पर भरोसा नहीं करते हैं। अकेले दोस्तों के साथ घूमने जाने या देर रात पार्टी करने से रोकते हैं। दरअसल, पैरेंट्स के ऐसा करने की वजह होती है। वे नहीं चाहते हैं कि तुम्हारे साथ कुछ गलत हो। तुम गलत संगत में पड़ो और फंसो। वे तुम्हें गुमराह होने से बचाना चाहते हैं। पैरेंट्स को तुम्हारी सुरक्षा की चिंता रहती है। बच्चो, इस बात को समझो कि पैरेंट्स अनुभवी होते हैं। उन्हें लोगों की परख होती है। इसलिए तुम्हें उनकी बातें माननी चाहिए। अपनी पसंद या नापसंद के बारे में उन्हें जरूर खुलकर बताओ। डरो नहीं और न संकोच करो। अपने पैरेंट्स से सलाह लेने में कोई हर्ज नहीं है। बात करने से हर प्रॉब्लम का सही सॉल्यूशन निकलता है।

## मानो दोस्तों की सही सलाह

अच्छे दोस्त परिवार के सदस्य की तरह होते हैं, जो अच्छे और बुरे वक्त दोनों में हमें सपोर्ट करते हैं। हमारी खूबियों की सराहना करते हैं, गलत होने पर टोकने से भी पीछे भी नहीं रहते। दोस्तों को इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि हमें बुरा लग सकता है, क्योंकि वे हमारे बारे में सिर्फ अच्छा और पॉजिटिव सोचते हैं। जैसे, सिक्स्थ की स्टूडेंट दीपक को जंक फूड के अलावा कुछ और पसंद ही नहीं आता था। इससे उसका वजन बढ़ने लगा। तब उसके दोस्त अनुज ने उसे साइक्लिंग और योगा करने की सलाह दी। दीपक ने उसकी बात मानी। कुछ समय बाद ही असर दिखने लगा। कहने का मतलब है कि जब हम अपनों की बातों को पॉजिटिव तरीके से लेते हैं, तो बदलाव भी हमारे हित में होते हैं। *

## ऐसे सेलिब्रेट करो न्यू ईयर

**बच्चो, अगर** तुम सोच नहीं पा रहे हो कि न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करें, तो तुम हमारे सुझाव अमल में ला सकते हो-

- घर पर मजेदार एक्टिविटीज कर सकते हो। तुम ग्लोस्टिक डांस पार्टी के अलावा डीआईवाई क्राफ्ट्स (टोपी, पॉपर्स), स्पार्कलिंग साइडर के साथ आधी रात का नकली काउंटडाउन करके नए साल का जश्न मना सकते हो।
- बैकयार्ड में गेम्स और खाने के साथ बोनफायर अरेंज कर सकते हो।
- परिवार के साथ किसी अच्छी जगह घूमने जा सकते हो। अपने शहर के मॉल में बच्चों के लिए बने जोन में म्यूजिक के साथ थीम वाले इवेंट में शामिल हो सकते हो, तुम्हें बहुत मजा आएगा।
- ऐतिहासिक-सांस्कृतिक स्थलों की सैर कर सकते हो। एडवेंचर पार्क भी जा सकते हो।



टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# बीते साल की अचीवमेंट्स नए साल से नई आशाएं

बच्चो, बीत रहा साल हमें कुछ अचीवमेंट्स देकर जाता है, नया साल हमारे भीतर नई आशाएं जगाता है। टीवी के दो चाइल्ड आर्टिस्ट एकदास खान और श्रेया पटेल, बालभूमि को बता रहे हैं कि बीत रहे साल 2025 में उन्होंने क्या अचीव किया, नए साल 2026 से उन्हें क्या आशाएं हैं? साथ ही ये दोनों यह भी बात रहे हैं, न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करेंगे, इनके क्या रेजॉल्यूशंस हैं।

## मेरे लिए यह साल सुपर-डुपर रहा : अकदास खान



**सन नियो** चैनल के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में अकदास खान, सप्पू का किरदार निभा रहा है, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। साल 2025 में इस शो का हिस्सा बनकर अकदास बहुत खुश है। वह बताता है, 'यह साल मेरे लिए सुपर-डुपर रहा। मुझे इतने बड़े शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में सप्पू का रोल प्ले करने का मौका मिला। मैंने इस साल कैमरे को फेस करना, अच्छे से डायलॉग बोलना और सीन में सही रिएक्शन देना सीखा।' नए साल 2026 के अपने रेजॉल्यूशन के बारे में अकदास बताता है, 'आने वाले साल में मेरा रेजॉल्यूशन है कि मैं सप्पू के रोल को और भी अच्छे से एक्ट करूं। मैं नए साल में डांस, गाना और कुछ एडवेंचर वाली स्किल्स भी सीखूंगा। उम्मीद करता हूं कि नए साल में मुझे बड़े और अच्छे रोल्स मिलेंगे।' न्यू ईयर सेलिब्रेशन की प्लानिंग के बारे में भी अकदास बहुत उत्साहित होकर बताता है, 'इस बार मैं अपने शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' के सभी दोस्तों के लिए छोटे-छोटे न्यू ईयर कार्ड्स बनाऊंगा। मम्मा और मैं घर पर गुब्बारे और छोटी-छोटी लाइट्स भी लगाएंगे। अबकी न्यू ईयर पर घर में और सेट पर हम खूब एंज्वॉय करने वाले हैं। सभी को मेरी तरफ से हैप्पी न्यू ईयर!' *

## नए साल में निखारूंगी अपनी एक्टिंग स्किल : श्रेया पटेल



**इन दिनों** श्रेया पटेल सोनी सब के धार्मिक सीरियल 'गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय' में सिद्धि का किरदार निभा रही है। उसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। श्रेया के लिए साल 2025 बेहद खास रहा। वह मुस्कुराते हुए बताती है, 'मेरे लिए इस साल की शुरुआत सोनी सब के शो 'तेनाली रामा सीजन-2' से हुई। मुझे खुशी है, इस शो में दर्शकों को मेरा रोल, मेरी एक्टिंग पसंद आई। साल बीतते-बीतते मुझे नया शो 'गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय' मिल गया, जिसमें मैं सिद्धि का रोल प्ले कर रही हूं। मुझे इस साल नए-नए प्रोजेक्ट्स मिले और खुद को प्रूव करने का अवसर भी मिला। इस लिहाज से देखा जाए तो साल 2025 मेरे लिए बहुत ही खास रहा।' आने वाले साल 2026 से श्रेया को कई उम्मीदें हैं। उसने कुछ गोल्स भी सेट किए हैं, वह बताती है, 'मैं उम्मीद करती हूं, नए साल में मुझे अच्छे शोज में लीड रोल निभाने का मौका मिलेगा। नए साल में मैं एक्टिंग कॉलेज से जुड़कर अपना एक्टिंग स्किल निखारना चाहती हूं।' श्रेया न्यू ईयर कैसे सेलिब्रेट करती है, पूछने पर बताती है, 'नए साल की शुरुआत मैं अपने फैमिली मेंबर्स और फ्रेंड्स को न्यू ईयर विश करके करती हूं। फैमिली के साथ पार्टी करती हूं। बालभूमि के नन्हे दोस्तों को मेरी ओर से नए साल की गुड विशेज।' *


प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

कविता / राजा चौरसिया

## स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा

जा रहा पुराना साल छोड़कर
यादों का अनमोल पिटारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा।
नई उमंगें, नई तरंगें
और चेहरे खिले हुए हैं।
प्रिय बधाइयों, उपहारों के
सबको अवसर मिले हुए हैं।
नजरें तो हैं वही पुरानी
किंतु नया सब ओर नजारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा।
गीत देश के भी गाएंगे
इसको भूल नहीं पाएंगे।
बारह माह सफलताओं का
मनचाहा उत्सव मनाएंगे।
नई सोच की पटरी पर ही
दौड़ेगा उत्साह हमारा।
हम सब करते हैं अगवानी
स्वागत है नववर्ष तुम्हारा।





कहानी

रेनू सैनी

## नववर्ष का संकल्प

स्पर्श की जैसे सफाई से परहेज था। उसके मम्मी-पापा और दोस्त उसे समझाते, लेकिन उस पर कोई असर नहीं होता। स्पर्श का मौसेरा भाई पंकज, क्रिसमस की छुट्टियों में जब उसके पास आया, तो उसने स्पर्श को सुधारने की सोची। पंकज क्या स्पर्श को सुधार सका?



**नि**र्मला मैडम सेवेंथ क्लास के बच्चों को हेल्थ से जुड़ी उपयोगी जानकारी दे रही थीं। उन्होंने बच्चों को बदलते मौसम में फैल रही बीमारियों जैसे वायरल फीवर, टाइफाइड और लूज मोशन के बारे में बताया। बच्चे उनकी बातें ध्यान से सुन रहे थे, लेकिन स्पर्श का ध्यान कहीं और था। वैसे तो वह होशियार बच्चा है, लेकिन उसमें एक बुरी आदत है कि सफाई से दूर रहता है। वह कभी भी ढंग से हाथ नहीं धोता है। यहां तक कि खाना खाने से पहले भी नहीं। स्पर्श के माता-पिता और दोस्त उसे हर तरह से समझा कर थक चुके हैं, किंतु वह किसी की भी नहीं सुनता। उसके कपड़े भी अकसर मैले रहते हैं। यहां तक कि उसकी किताबें, कॉपियां फटी मिलती हैं। पूछने पर उसका जवाब होता है, 'मेरी चीजें मैली या फटी इसलिए होती हैं, क्योंकि मैं इनका सबसे ज्यादा प्रयोग करता हूं। तुम लोगों की तरह नहीं कि हर चीज को शो-पीस बनाकर रखूं।' ऐसे ही किसी के हाथ धोने के लिए कहने पर उसका जवाब होता, 'हाथ तो वही रहेंगे न, धोएं या न धोएं, क्या फर्क पड़ता है?'

स्पर्श की इन बे-सिर पैर की बातों से सभी चिढ़ते हैं। इस बार क्रिसमस की छुट्टियों में स्पर्श की मौसी का बेटा पंकज कुछ दिनों के लिए आया। पंकज उससे बड़ा है। वह बहुत समझदार भी है। स्पर्श के कई दोस्तों से पंकज मिला, उसे इनसे स्पर्श का सफाई से न रहने की आदत के बारे पता चला। पंकज ने मन ही मन नववर्ष से पहले उसकी इस आदत को छुड़ाने का निश्चय किया।

स्पर्श का दोस्त अमन बीमार चल रहा था। पंकज कुछ सोचकर स्पर्श के साथ अमन से मिलने उसके घर गया। दोनों को देखकर अमन को खुशी हुई। वह बोला, 'अच्छा हुआ, तुम लोग आ गए। मेरा मन बहल जाएगा। वैसे अब मैं बिल्कुल ठीक हूं। खांसी-जुकाम हो गया था।'

तभी अमन की मम्मी वहां आकर बोलीं, 'मैं चाय-नाश्ता लेकर आती हूं अभी।'

यह सुनकर पंकज ने स्पर्श से कहा, 'आंटी, रसोई में चाय-नाश्ता तैयार कर रही हैं। तुम जाकर ले आओ।'


स्पर्श तुरंत रसोईघर की ओर चला गया। कुछ देर बाद वह गर्म-गर्म चाय-नाश्ता लेकर आया। स्पर्श नाश्ता शुरू करने वाला था कि अमन ने टोका, 'अरे...अरे... यह क्या कर रहे हो? पहले जाकर अच्छे से हाथ साफ करके आओ।' अमन ने यह भी बताया, 'मेरे एक रिश्तेदार का बेटा इन दिनों बहुत बीमार चल रहा है। उसे टाइफाइड हो गया है। डॉक्टरों ने बोला है कि उसे ठीक होने में समय लगेगा। वह भी बिना हाथ साफ करे चीजें खा लेता है। इसलिए गंदगी के कीटाणुओं ने उसे अपना शिकार बना लिया है। उसके बोर्ड के एग्जाम सिर पर हैं। ऐसे में वह बीमार हो गया है। उसकी पढ़ाई का हर्जा हो रहा है। पता नहीं वह बोर्ड के एग्जाम दे भी पाएगा या नहीं?' अमन आगे बोला, 'बीमार पड़ने से अच्छा है कि पहले से ही साफ-सफाई का ध्यान रखा जाए।'

अमन की बातें सुनकर स्पर्श घबरा सा गया। वह वॉश बेसिन की ओर भागा। जैसे ही वह हाथ धोने गया, पंकज और अमन एक-दूसरे की ओर देखकर मुस्कुराए। दरअसल, पंकज ने ही स्पर्श को जान बूझकर नाश्ता लेने के लिए कमरे से बाहर भेजा था। उसके कमरे से जाते ही पंकज ने अमन को झूठ-मूठ की कहानी बनाने के लिए कहा था। इस कहानी ने अपना काम कर दिखाया।

हाथ धोकर आने के बाद स्पर्श चाय-नाश्ता करते हुए बोला, 'भाई, मेरा तो आने वाले नए साल में यही संकल्प है कि हमेशा कुछ खाने-पीने से पहले अच्छी तरह हाथ धोऊंगा।'

स्पर्श की बात सुनकर पंकज बोला, 'भाई तुम्हारा यह संकल्प तो सारे संकल्पों पर भारी है, क्योंकि स्वच्छता है तो स्वास्थ्य है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है। इस तरह तो तुम हर जगह बाजी मार ले जाओगे।'

पंकज की बात पर अमन और स्पर्श हंस पड़े। कमरे में नाश्ते की खुशबू फैल चुकी थी। तीनों नाश्ते का आनंद लेते हुए यह प्लान करने लगे कि नववर्ष कैसे सेलिब्रेट करेंगे? *



तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र

## प्रेरित करती रोचक कहानियां

**ब**च्चो, तुम्हारे लिए बाल कहानियों का एक संग्रह 'शेर की मूंछ के बाल' कुछ समय पहले छपकर आया है। रेखा शाह आरबी द्वारा लिखी गई इस किताब में चौदह मनोरंजक और शिक्षाप्रद कहानियां संकलित हैं। संग्रह की कहानियों में इंसानी पात्र तो हैं ही, कई कहानियों में जंगल के जीव-जंतुओं को पात्र के रूप में प्रस्तुत किया गया है। किताब की शीर्षक वाली कहानी 'शेर की मूंछ के बाल' मनोरंजक होने के साथ-साथ तुम्हें अपनी गलती का एहसास कर उसे सुधारने की सीख भी देती है। 'टूटी गुल्लक' बहुत ही प्यारी कहानी है, जिसमें तुम पढ़ोगे कि गोलू किस तरह अपने दोस्त राजू की मदद करता है। यह कहानी तुम्हें सच्ची दोस्ती का महत्व समझाएगी। 'गुल्लू का बर्थ-डे' शीर्षक कहानी में गुल्लू अपना बर्थ-डे कुछ इस तरह मनाता है कि उसके सभी दोस्त उससे इंस्पायर होकर तय करते हैं कि वे भी अपना बर्थ-डे ऐसे ही मनाएंगे। यह कहानी तुम्हें अपनी खुशियां जरूरतमंदों के साथ बांटने पर मिलने वाली खुशी का एहसास कराएगी। 'पिंकी का सपना' कहानी में तुम पढ़ोगे कि पिंकी ने किस तरह दादाजी के साथ मिलकर अपने सपने को सच किया। यह कहानी तुममें प्रकृति-प्रेम और पर्यावरण की रक्षा के भाव जगाएगी। इन कहानियों के अलावा 'तोताराम को मिली सीख', 'साबू और शहद', 'तोलू मोलू और करेला', 'पक्की वाली दोस्ती', 'लोमड़ी की चांद ट्रिप टूरिस्ट एजेंसी' कहानियां भी तुम्हें खूब पसंद आएंगी। साथ ही ये कहानियां तुम्हें नैतिक और व्यावहारिक ज्ञान भी देंगी। *




**किताबः** शेर की मूंछ के बाल (बाल कहानी संग्रह), **लेखिकाः** रेखा शाह आरबी, **मूल्यः** 250 रुपए, **प्रकाशकः** साहित्यांजलि प्रकाशन, प्रयागराज

## जीके क्विज-185

1. भारत के राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की रचना किसने की?
2. ग्लोबल फैमिली डे कब मनाया जाता है?
3. हाल ही में फेमस फुटबॉलर लियोनेल मेसी की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा का अनावरण कहां हुआ है?
4. किस देश ने जूनियर हॉकी विश्व कप 2025 जीता है?
5. टाइम मैगजीन द्वारा किसे टाइम एंटरटेनर ऑफ द ईयर 2025 चुना गया है?
6. हैदराबाद किस नदी के किनारे बसा है?
7. नवंबर महीने के लिए आईसीसी वूमेन प्लेयर ऑफ द मंथ किसे चुना गया है?
8. भारत के किस राज्य की राजभाषा अंग्रेजी है?
9. भारत के किस राज्य में लोकसभा की सर्वाधिक सीटें हैं?
10. 'भारत भारती' नामक पुस्तक के रचयिता कौन हैं?

बच्चों, जीके क्विज-185 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-184 का उत्तर :** 1.दीपावली, 2.जसप्रीत बुमराह, 3.खान अब्दुल गफ्फार खान, 4.गुजरात, 5.माउंट बेटन, 6.ओडिशा, 7.क्षिप्रा नदी, 8.22 दिसंबर, 9.विनेश फोगाट, 10.पत्रकारिता

**जीके क्विज-184 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, उर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, चीनू-रायगढ़, ज्योति-बैकुंठपुर, नीटू-सीतापुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-रोहतक

## रंग भरो-192

**रंग भरो-192** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आन्या, दुर्ग


दीक्षांत, रायपुर


दिया, रोहतक


आशना, जांजगीर


हिताक्षी, महेंद्रगढ़


पयोनिधि, अंबिकापुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, अंकिता-ईमेल से, अंतरा-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, कोमल-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, अमन-जांजगीर, कुसुम-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रितेश-बलौदा बाजार

## रंग भरो 193




बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में कुछ बच्चे न्यू ईयर सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## यादव धर्मशाला में अटल के सम्मान में संगोष्ठी का आयोजन

# भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने बढ़ाया देश का सम्मानः डॉ. यतेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर विधानसभा सुशासन कार्यक्रम यादव धर्मशाला में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव ने की। अटल स्मृति सम्मेलन में विधायक ओमप्रकाश यादव, महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव, जिला प्रभारी शंकर धुपड, पूर्व मंत्री डॉ. बनवारी लाल, फैमिली आईडी के प्रदेश को ऑर्डिनेटर सतीश खोला, पूर्व विधायक सीताराम, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, दयाराम यादव, अजीत सिंह, सुशासन विभाग प्रमुख गोविंद भारद्वाज ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उपस्थित सभी ने अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को जब भारत रत्न मिला, तो भारत रत्न का सम्मान बढ़ा तथा वाजपेयी का सम्मान देश में ही नहीं अपितु पूरे विश्व में था, वो एक राष्ट्र कवि थे। उनके कार्यकाल में ही भारत मजबूती की तरफ बढ़ा और परमाणु शक्ति से दीपोत्सव हुआ। पूर्व मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि जिस प्रकार से अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में देश के किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की शुरूआत की। विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि आज पूरा देश अटल बिहारी वाजपेयी याद कर रहा है। सभी दलों में उनकी व्यापकता और उनके प्रति श्रद्धा का भाव यह दिखाता है कि किस प्रकार से राजनीति के क्षेत्र में अटल बिहारी वाजपेयी ने लोगों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी है। महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि वाजपेयी ने अपने सिद्धांतों को सबसे ऊपर रखते हुए अपनी सरकार का गिरना एक वोट के अभाव में मंजूर किया, लेकिन कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया।



नारनौल। अटल बिहारी बाजपेयी व महामना मदन मोहन मालवीय को श्रद्धासुमन अर्पित करते अरविंद शर्मा तथा अटल बिहारी वायपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### आज संकल्प लेने का दिनः सहकारिता मंत्री

हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने वीरवार स्थानीय सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने सबसे पहले भारत रत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और महामना मदन मोहन मालवीय की जयंती के पावन अवसर पर उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए संकल्प लेने का दिन है।

### ये रहे मौजूद

भाजपा पदाधिकारी योगेश शास्त्री, किशन बोहरा, मनीष मित्तल, सुधीर दीवान, वासुदेव यादव, महिपाल यादव, शिवरतन, जोगिंद्र राजपूत, भवानी, संदीप मालड़ा, मंजीत यादव, सुनील प्रधान, विकास अग्रवाल, मनिंद्र यादव, भारती सैनी, विजय लक्ष्मी, मनीषा शर्मा, रविदत्त, ओमप्रकाश वाधवा, मदन गोगिया, सरला यादव, सपना गुप्ता, अर्चना ठाकुर, मनीष संघी, संजय अमन, हेमंत चौबे, मनोज कुमार, जेपी सैनी, सुरेश चौधर, संजय मित्तल, नरेंद्र टिंकू, आलोक शर्मा, धर्मचंद छाबड़ा, नरेंद्र यादव, जगदीश पासी, अशोक अग्रवाल, अमित भोजावास, महेंद्र सैनी, नरेंद्र झिमरिया, भारती सैनी, मंजू सोनी, सरिता जांगिड़, सरोज बाला, ममता शर्मा, अरुणा कौशिक, आरके जांगड़ा, महेश सैनी, कर्मवीर खींची, बाबूलाल, दीपिका, प्रवीण आदि मौजूद रहे।

### पूर्व पीएम को भायुमो ने किया याद

भाजपा युवा मोर्चा नारनौल की ओर से अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती पुष्पांजलि अर्पित करके मनाई गई। इसकी अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने की। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे प्रदेश आईटी सहप्रमुख (युवा मोर्चा,भाजपा) एवं नगर पार्षद सिकन्दर कुमार ने कहा कि अटल जी भारत के दसवें प्रधानमंत्री थे। वे भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में एक थे। उन्होंने लम्बे समय तक राष्ट्रधर्म, पाञ्चजन्य (पत्र) और वीर अर्जुन आदि राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत अनेक पत्र-पत्रिकाओं का सम्पादन भी किया और आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेने के कारण इन्हे भीष्मपितामह भी कहा जाता है। भाजपा युवा मोर्चा के जिला सचिव राजेश सैनी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई का राजनीतिक सफर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक से शुरू होकर तीन बार भारत के प्रधानमंत्री बनने तक का रहा। जिसमें उन्होंने जनसंघ, जनता पार्टी और फिर भारतीय जनता पार्टी की नींव रखने में अहम भूमिका निभाई।

# पुलिस टीम ने ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव बताकर बचाव को लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी


रेवाड़ी। युवाओं को जागरूक करते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम के ग्रामीण दौरे करके लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक कर रही हैं। वीरवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने गांव खड़गवास, कालूवास व डालियाकी में ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांवों को नशा मुक्त करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। इस मौके पर एएसआई जितेंद्र ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है।

उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस के इस अभियान से प्रेरित होकर जहां युवा शिक्षा और खेल गतिविधियों की ओर अग्रसर हो रहे हैं, वहीं पर अनेक नशा ग्रस्त युवकों ने नशा छोड़ने की पहल भी की है, जिनका स्थानीय प्रशासन की मदद से इलाज कराकर उन्हें फिर से समाज की मुख्यधारा में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार की नशे संबंधी सूचना है, कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई इत्यादि करता है तो इस बारे पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे।

# जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी कल, विजेता 215 छात्र होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस विभाग की ओर से 27 दिसंबर को सड़क सुरक्षा के थीम पर जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन यूरो इंटरनेशनल स्कूल जोनावास में किया जाएगा। डीएसपी ट्रैफिक पवन कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता परीक्षा के तीसरे स्तर की परीक्षा का आयोजन कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

20 नवंबर को क्विज कम्पीटीशन के दूसरे स्तर की परीक्षा का खंड स्तर पर आयोजन कराया जा चुका है। दूसरे स्तर की परीक्षा में चार ग्रुप बनाए गए थे। पहले ग्रुप में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थी, दूसरे ग्रुप में कक्षा 6 से 8, तीसरे ग्रुप में कक्षा 9वी से 12वी व चौथे ग्रुप में



कॉलेज के बच्चों ने भाग लिया था। दूसरे स्तर की परीक्षा में सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों के करीब 2628 बच्चों ने भाग लिया था, जिसमें से 215 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की थी और जोकि अब तीसरे स्तर की परीक्षा में भाग लेंगे। जिला स्तर की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। डीएसपी ट्रैफिक पवन कुमार ने बताया कि इस तरह की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का मकसद विद्यार्थियों को प्रारंभ से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा उनकी पालना करने के लिए प्रेरित करना है।

# अटल के सिद्धांत और मूल्य राष्ट्रसेवा के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगेः रामबिलास

- अटल का व्यक्तित्व और कृतित्व हम सभी के लिए एक मार्गदर्शक की तरह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



हरियाणा के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता रामबिलास शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें नमन किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि अटल का व्यक्तित्व और कृतित्व हम सभी के लिए एक मार्गदर्शक की तरह है। शर्मा ने कहा कि श्रद्धेय अटल हमें सदैव राष्ट्रसेवा, ईमानदारी और जनकल्याण के मूल्यों की प्रेरणा देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि अटल ने भारतीय राजनीति में जो सूचिता और गरिमा स्थापित की, वह आज के समय में हर जनसेवक के लिए अनुकरणीय है। उनका संपूर्ण जीवन देश की प्रगति और आम जनमानस के उत्थान के लिए समर्पित रहा। पूर्व मंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार उन्हीं के दिखाए मार्ग पर चलते हुए 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र को साकार कर रही है।

# सीएम ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया संदेश

- विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में अटल का जनसेवा का विजन सहायक होगा : कंवर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं व सेवाओं को समयबद्धता और पारदर्शिता के साथ पहुंचाना ही सुशासन है। सरकार का मूल मंत्र भी मिनिमम गवर्नमेंट मैक्सिमम गवर्नेंस है। सुशासन दिवस पर हमें अपनी जिम्मेदारियों का पुनर्मूल्यांकन भी करना चाहिए। यादव वीरवार को लघु सचिवालय में भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय सुशासन दिवस समारोह में संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार भी मौजूद थे।


नारनौल। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते विधायक व डीसी। फोटो : हरिभूमि

वहीं इससे पहले पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का लाइव प्रसारण दिखाया गया। जहां से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपना संदेश दिया। इसके अलावा सीएम ने नागरिकों और प्रशासनिक कार्यों की सुविधा के लिए विभिन्न विभागों के महत्वपूर्ण पोर्टलों, परियोजनाओं और योजनाओं का शुभारंभ किया। वहीं सीएम ने नौ संकल्पों का कलेंडर भी जारी किया। जिला स्तरीय समारोह में भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि सरकार पारदर्शी, जवाबदेह और जनता के प्रति संवेदनशील है।

### ये रहे मौजूद

नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, सीईओ जिला परिषद उदय सिंह, एसडीएम अनिरुद्ध यादव, एसडीएम महेंद्रगढ़ कनिका गोयल, एसडीएम कनीना डॉ. जितेंद्र सिंह, डीएमसी रणवीर सिंह, नगराधीश डॉ. मंगल सेन, डीएसपी भारत भूषण के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# अग्रवाल वैश्य समाज महिला मंडल ने तुलसी पूजन कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। मंदिर में तुलसी पूजन करते हुए महिलाएं।

अग्रवाल वैश्य समाज महिला मंडल की ओर से वीरवार को श्रद्धा, संस्कार एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ तुलसी पूजन दिवस का पावन आयोजन सोलहराही मंदिर सेक्टर-1 में किया गया। इस अवसर पर माता तुलसी का मनोहारी श्रृंगार कर विधिवत पूजन किया गया। महिला मंडल की मातृशक्ति ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए। पूजन उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण भी किया गया।

महिला मंडल की पदाधिकारियों ने कहा कि तुलसी पूजन दिवस का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं संस्कारों को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में सुनीता अग्रवाल रेवाड़ी विधानसभा महिला अध्यक्ष, रेखा अग्रवाल महिला उपाध्यक्ष, दीपिका अग्रवाल कार्यकारी महिला उपाध्यक्ष, सपना कुमारी अग्रवाल महिला सचिव, यशोदा बंसल महिला संगठन मंत्री और सदस्य सीमा खण्डेलवाल, शशि बंसल, अंजू अग्रवाल, पूजा गुप्ता, यशिका मित्तल, प्रियंका मित्तल, उमा गुप्ता, कुसुम अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, रेणु गुप्ता, सुनीता गुप्ता, ललिता अग्रवाल व अनीता अग्रवाल सहित वैश्य समाज की अनेक महिलाएं शामिल रही। जिला अध्यक्ष नवीन सिंघल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद किया और आगे भी ऐसे अच्छे-अच्छे कार्य करने और वैश्य समाज के लोगों को अग्रवाल वैश्य समाज से जुड़ने का आह्वान किया।

### बोचड़िया हसनपुर में मनाया सुशासन दिवस

मंडी अटेली। अटेली क्षेत्र के गांव बोचड़िया हसनपुर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर अटल पखवाड़ा के तहत सुशासन दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बाबा सत्तू क्रिकेट क्लब की ओर से क्रिकेट प्रीमियर लीग प्रतियोगिता, रक्तदान शिविर और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से त्रिवेणी रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन को लेकर ग्रामीणों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। रक्तदान शिविर में कुल 50 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष व पूर्व सरपंच संगठन के अध्यक्ष कुलदीप यादव रहे। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनकी पुत्री राव भारती द्वारा अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य में त्रिवेणी रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा रक्तदान शिविर लगाकर सुशासन दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि कुलदीप यादव ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि सद्भावना, सुशासन और राष्ट्र सेवा की प्रेरणा है।


मंडी अटेली। बोचड़िया हसनपुर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते कुलदीप यादव। फोटो : हरिभूमि

# सामाजिक कार्य जीवन और समाज को समझने का माध्यमः अर्चना कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग की ओर से कक्षा से 'समुदायों तकः सामाजिक कार्य अभ्यास का मूल क्षेत्रकार्य क्यों है' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं प्रख्यात समाज कार्य विशेषज्ञ प्रोफेसर अर्चना कौशिक रही। कार्यक्रम का शुभारंभ डा. सतेंद्र ने किया। विभागाध्यक्ष डा. देवेंद्र सिंह ने प्रोफेसर अर्चना कौशिक का पौधा देकर स्वागत किया। प्रोफेसर अर्चना कौशिक ने व्याख्यान में सामाजिक कार्य की महत्ता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्य हमारे जीवन और समाज को समझने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने फील्ड वर्क को सामाजिक कार्य का हृदय बताते हुए छात्रों को इसके महत्व से अवगत कराया। उन्होंने सिस्टम थ्योरी, सामाजिक कार्य के तीन प्रमुख आधारों तथा आदिवासी समुदायों से जुड़ी प्रेरक कहानियों पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर सामाजिक कार्य विभाग के विद्यार्थियों के साथ-साथ अर्थशास्त्र विभाग के शोधार्थी एवं छात्र भी उपस्थित थे। डा. देवेंद्र सिंह ने मुख्य वक्ता व सभी उपस्थित प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में जानकारी देते हुए प्रो. अर्चना कौशिक।

### जाट समाज ने महाराजा सूरजमल को किया याद

रेवाड़ी। वीरवार को जाट धर्मशाला में जाट समाज की वार्षिक आम सभा व महाराजा सूरजमल के 262वें बलिदान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रिटायर्ड इंस्पेक्टर सुरेन्द्र फोगाट, जीत सिंह सिनसिनवाल, चौधरी दीपचंद व रामकिशन महलावत के अलावा जाट समाज के पूर्व प्रधान चौधरी बलबीर सिंह सहित अनेक लोगों ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि महाराजा सूरजमल ने अपने शासन काल 80 लड़ाइयां लड़ी और सभी में विजय प्राप्त की, जिनके शौर्य की गाथाएं युगों-युगों तक याद रहेंगी। इस मौके पर समाज की वर्ष 2024-25 की वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में समाज के दानदाताओं, दहेज रहित शादी करने वाले और मृत्यु भोज न करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। जाट समाज के प्रधान सूरत सिंह कटारिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की व मंच संचालन सचिव हंसराज कोच ने किया। इस अवसर पर उप प्रधान धनपत सिंह बड़ेसरा, कोषाध्यक्ष अजीत सिंह धनखड़, भरत सिंह नंबरदार, पूर्व प्रधान चौधरी हवासिंह, चरणसिंह ढिल्लों, देवीराम प्रधान, एडवोकेट राजेंद्र सिंह, सेक्रेटरी भगवान सिंह, मांगेराम, युद्धवीर फोगाट, रणबीर सिंह जांगू, अतरसिंह नेहरा, प्रकाश कटारिया, अत्तर सिंह सरपंच, रणधीर सिंह, खेमचंद, महेंद्र सिंह एक्स सरपंच, डा. जय प्रकाश, मास्टर जवाहर सिंह, ब्रह्मजीत सिवाच, सतपाल ढिल्लों, सुमन गुलिया, अभय राठी व अत्तर सिंह फौजी सहित सभी कार्यकारिणी सदस्य और समाज के प्रबुद्धजन मौजूद थे।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में समाज के लोगों को सम्मानित करते हुए।

**रोजगार मेला** मौके पर ही आकर्षक वेतन के साथ प्रदान किए गए नियुक्ति पत्र

# प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के मेले में 70 युवाओं को मिला रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से यूनाइटेड ह्यूमन रिसोर्स लिमिटेड के सहयोग से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। ट्रस्टी डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज व नरोत्तम सोनी ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यूनाइटेड ह्यूमन रिसोर्स के सीइओ कंवर सिंह थे। अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने की।

संचालन प्रवक्ता डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज ने किया। सर्वप्रथम यूनाइटेड ह्यूमन रिसोर्स के संयोजक अमृत कुमार चौधरी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से रोजगार मेले में उपस्थित कंपनियों की जानकारी, काम की प्रकृति, चयन के मानदंड आदि के विषय में उपस्थित अभ्यर्थियों को बताया। विशिष्ट अतिथि नगर परिषद की पूर्व प्रधान भारती सैनी, वरिष्ठ सामाजसेवी डॉ. वासुदेव यादव, राष्ट्रीय अवार्डी शिक्षक राजेश कुमार, समाजसेवी पवन यादव, भाजपा नेता राकेश यादव, प्रवक्ता विजय भार्गव, कमल सैनी थे।



नारनौल। अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेते कम्पनी प्रतिनिधि तथा चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर प्रदान करते ट्रस्टी व कंपनियों के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

ट्रस्टी ओशीन शुक्ला व अमित शर्मा ने बताया कि रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। मौके पर ही विभिन्न चरणों में साक्षात्कार आयोजित किए गए, जिनके आधार पर 70 युवाओं को नौकरी के लिए ऑफर लेटर प्रदान किए गए। यह युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही, जिससे उनके रोजगार के सपनों को नई दिशा मिली। रोजगार मेले में गुरुग्राम, बावल, नीमराना, केशवाना व भिवाड़ी जैसे प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों की प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। इन कंपनियों के प्रतिनिधियों ने युवाओं की योग्यता, तकनीकी दक्षता व कौशल के आधार पर साक्षात्कार लेकर उन्हें जॉब के लिए चयनित किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य केवल शिक्षा तक सीमित न होकर युवाओं को रोजगार से जोड़ना भी है। ह्यूमन रिसोर्स लिमिटेड के सहयोग से आयोजित यह रोजगार मेला उसी दिशा में एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने की बात कही।

### रोजगार सृजन को नई गति मिली

ट्रस्टी अजय शर्मा व दिनेश कुमार ने कहा कि रोजगार मेला युवाओं के लिए आशा और अवसर का मंच सिद्ध हुआ। जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को नई गति मिली। इस कार्यक्रम में यूएचआर लिमिटेड कंपनी की ओर से एचआर प्रतिनिधि देवेन्द्र कुमार, अजय कुमार, गौरव सोलोत व कुनाल जॉनी धनखड़ ने उपस्थित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया।

### ये रहे मौजूद

अजय शर्मा, कमल सैनी, नरोत्तम सोनी, विजय भार्गव, राकेश यादव, दिनेश कुमार प्राचार्य, दीपक बसीरपुर, रिम्पी सरदार, देवदत्त शर्मा आदि मौजूद थे।

## फादर रेवरन गोल्डविन विलियम ने लोगों से सकारात्मक व स्वस्थ जीवन व्यतीत करने का किया आह्वान

# क्रिसमस पर प्रभू यीशू के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान, देश व समाज में सुख, शांति और समृद्धि मांगी

- कैंडल जलाकर प्रभु यीशू मसीह से देश में अमन चैन व शांति बनाए रखने की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

वीरवार को जिले में क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरकुलर रोड स्थित 130 वर्ष पुराने सेंट एंड्र्यूज चर्च सहित शहर में अनेक जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। चर्च में ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रार्थना करके प्रभू यीशू मसीह के दिखाए मार्ग पर चलते हुए देश, समाज और परिवार में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। सरकुलर रोड स्थित सेंट एंड्र्यूज चर्च में प्रातः से ही ईसाई समुदाय के लोग एकत्रित होने शुरू हो गए। चर्च में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। चर्च के फादर रेवरन गोल्डविन विलियम ने बाईबल पढ़ने के साथ लोगों से सकारात्मक व स्वस्थ जीवन व्यतीत करने का आह्वान किया। पादरी ने प्रार्थना सभा के दौरान लोगों से प्रभू यीशू मसीह का स्मरण करते हुए परिजनों और शुभचितकों के सुख, समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना करने का आह्वान किया। ईसाई समुदाय सहित सभी धर्मो के लोगों ने चर्च में कैंडल जलाकर प्रभु यीशू मसीह से देश में अमन चैन व शांति बनाए रखने की कामना की। क्रिसमस पर्व पर सेंट एंड्र्यूज चर्च को आकर्षक लाइटों से सजाया गया। चर्च के अंदर आकर्षक क्रिसमस-ट्री भी बनाया गया। सांता क्लॉज बने बच्चों ने चर्च में आए लोगों को उपहार व टॉफियां वितरित की।

क्रिसमस के पर्व पर फादर गोल्डविन विलियम ने कहा कि इस दुनिया में सब पापी है, लेकिन गुनहगार से नहीं गुनाह से नफरत करनी चाहिए। इंसान को सबसे पहले अपने अंदर की बुराईयों का त्यागना होगा तभी वह एक अच्छा इंसान बन पाएगा। भगवान ईशु ने भी बाईबल में यहीं संदेश दिया है।





रेवाड़ी। चर्च में संदेश देते हुए फादर गोल्डविन विलियम, कार्यक्रम में मौजूद लोग तथा क्रिसमस ट्री के साथ सेल्फी लेती युवतियां। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

चर्च में आयोजित कार्यक्रम में सचिव सुषमा सिंह, बियूला सिंह, रवि युनूस, मिस्टर लाइल, विमल, अमन, जुगनू, राधा, रोहन, रोस्टिन, मोक्ष, वंश व अंश सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## बाल भवन में मनाया जिला स्तरीय सुशासन दिवस समारोह

# ई-गवर्नेंस से सरकारी कार्यों में पारदर्शिता को बढ़ावा दे रही प्रदेश सरकार : डॉ. कृष्ण

विधायक बावल डा. कृष्ण कुमार ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को गुड गवर्नेंस अवार्ड से नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी और महान स्वतंत्रता सेनानी महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती के उपलक्ष्य में वीरवार को मॉडल टाउन स्थित बाल भवन में जिला स्तरीय सुशासन दिवस समारोह मनाया गया। जिला स्तरीय समारोह में बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने बतौर मुख्यातिथि उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को अटल बिहारी वाजपेयी गुड गवर्नेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। डीसी अभिषेक मीणा ने जिला प्रशासन की ओर से मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर पंचकूला में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह का वचुर्अल माध्यम से लाइव प्रसारण दिखाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सुशासन दिवस के उद्देश्य व सरकार की जनहितकारी योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की।

जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के विचार सुशासन की नींव हैं, जो हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी का मानना था कि शासन को साधन नहीं जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी मानते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने ईमानदारी, पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जवाबदेही को शासन और प्रशासन की सबसे अहम कड़ी माना है।

हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए पूरी ईमानदारी के साथ बिना भेदभाव के पारदर्शिता से सभी के प्रति समान भावना रखते हुए जवाबदेही से अपने कर्तव्य का निर्वहन करना चाहिए। विधायक ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार अंत्योदय की भावना और विकसित भारत 2047 विजन के साथ जनकल्याणकारी नीतियां लागू कर राष्ट्र को पूरी तरह से मजबूत और सशक्त बनाने के दृष्टिगत कार्य कर रही है। इसी तरह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बिना भेदभाव के पूरे हरियाणा में विकास कार्य करा रहे हैं। हरियाणा सरकार ई-गवर्नेंस के माध्यम से सरकारी कार्यों में सरलीकरण व पारदर्शिता को लगातार बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन से सुशासन का मार्ग प्रशस्त किया है।




रेवाड़ी। सुशासन दिवस समारोह में सम्मानित करते विधायक डा.कृष्ण कुमार व डीसी अभिषेक मीणा तथा डीआईपीआरओ दिनेश कुमार को सम्मानित करते विधायक।

### ये रहे मौजूद

समारोह में डीएमसी ब्रह्म प्रकाश, एसडीएम सुरेश कुमार, सीटीएम जितेंद्र कुमार, डीएसपी सुरेंद्र श्योराण, डीडीपीओ एचपी बसंल, सीएमओ डा. नरेंद्र दहिया, डीसीडब्ल्यूओ वीरेंद्र यादव, डीएफएससी डा.अशोक रावत, भाजपा जिला महामंत्री कुलदीप चौहान व उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी सम्मानित

जिला स्तरीय सुशासन दिवस समारोह में बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने उत्कृष्ट कार्य करने में निभाई जा रही जिम्मेदारी के लिए जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी दिनेश कुमार को गुड गवर्नेंस अवार्ड से अलंकृत किया गया, वहीं पंचायत विभाग में सराहनीय कार्य करने के लिए बीडीपीओ बावल शुभम सहित राजस्व विभाग से पटवारी विक्रम व डब्ल्यूबीएन कुलदीप सिंह को भी सम्मानित किया गया। समारोह में सूत्रधार की भूमिका में प्रवक्ता सुधीर यादव थे।

### प्रशासनिक व्यवस्था हो रही है सुदृढ़: डीसी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में बेहतर ढंग से सुशासन की दिशा में कदम बढ़ाते हुए प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। सरकार व प्रशासन की योजनाओं को आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने में अधिकारी व कर्मचारीगण का उल्लेखनीय रोल होता है, ऐसे में पारदर्शिता के साथ कुशल सुशासन प्रदान करने में जनसेवा की भावना के साथ जिला प्रशासन अपना अतुलनीय योगदान दे रहा है।

## न्यूज डायरी



### डीएवी पुलिस स्कूल में क्रिसमस-डे मनाया

रेवाड़ी। दिल्ली रोड पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में वीरवार को क्रिसमस-डे का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य और स्टाफ सदस्यों ने बच्चों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। बच्चों ने सांताक्लॉज के रूप में गिफ्ट भी बांटे। इसके अलावा स्कूल में गीत व नृत्य सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।



### गवर्नमेंट स्कूल में बच्चों को बांटे जूते और स्वेटर

डहीना। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धवाना में सभी जरूरतमंद विद्यार्थियों का स्वेटर एवं जूते वितरित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गांव धवाना निवासी डा. बिजेंद्र कुमार व उनकी पत्नी डा. निशा यादव रही। विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को स्वेटर और जूते वितरित किए। इस मौके पर विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

### गुरुदेव के वार्षिक उत्सव पर सत्संग व भंडारा आयोजित



धारूहेड़ा। वीरवार को सोहना रोड स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले पार्क में बाबा जय गुरुदेव के 20वें वार्षिक उत्सव पर सत्संग व भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुरेश वैध नरवाणा जींद वाले ने श्रद्धालुओं को प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि बाबा जय गुरुदेव का सिमरन करके अपने जीवन को उज्वल बनाएं। उन्होंने कहा कि जीव हत्या नहीं करनी चाहिए अर्थात जीव को मारकर मत खाओ। ऐसा करोगे तो कर्म भोगना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सभी शाकाहारी भोजन करने का दृढ़ संकल्प लें। शाकाहारी भोजन करोंगे तो शाकाहारी कर्म आगे आएगा। उन्होंने कहा कि सभी को इंसानियत के लिए अच्छे कर्म करने चाहिए। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी में तम्बाकू, गुटका, शराब व अन्य नशीले पदार्थ की लत लगी हुई है, जो आगे चलकर समाज व गृहस्थी पर भारी रहेगी। इस मौके पर आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रृद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश, मास्टर राजाराम, राजेन्द्र सैनी, जेपी, राज कुमार व गोपाल सहित अनेक श्रृद्धालु मौजूद थे।

### मासिक बैठक व नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 28 को

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से 28 दिसंबर को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर व मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. विक्रम यादव मेडिसिन, डा. आर बी यादव हड्डी रोग, डा. प्रदीप यादव सर्जरी, डा. कंचन यादव नेत्र रोग, डा. अजीत सिंह यादव चर्म रोग व डा. सुमन यादव स्त्री रोग में ओपीडी सेवाएं देंगे। इसके अलावा लेप्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथेरेपी कन्सल्टेंसी के लिए उपलब्ध रहेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि कैंप के बाद 11 बजे यादव कल्याण सभा की मासिक बैठक प्रधान रामबीर यादव की अध्यक्षता व महंत लाल दास महाराज के सानिध्य में आयोजित की जाएगी।यादव कल्याण सभा की ओर से 28 दिसंबर को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर व मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक के एजेंडा में सभा की महीने की विभिन्न गतिविधियों व आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया जाएगा।

### वीर बाल दिवस के अवसर पर आस्था कुंज में जागरूकता कार्यक्रम आज

रेवाड़ी। वीर बाल दिवस के अवसर पर 26 दिसंबर को चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन आस्था कुंज में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा तथा जिला प्रशासन के निर्देशन में आयोजित किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव ने बताया कि कार्यक्रम में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को वीर बाल दिवस के महत्व, साहिबजादों के अद्वितीय साहस एवं सर्वोच्च बलिदान से अवगत कराना तथा उनमें साहस, नैतिक मूल्यों एवं बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता विकसित करना है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए कहानी सत्र, चित्रकला एवं कविता गतिविधियां, संवाद सत्र एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## मातृभाषा हिंदी और संस्कृत के उत्थान के लिए दें सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सरकुलर रोड़ स्थित वीर सावरकर उद्यान में अखिल भारतीय वीर सावरकर मंच के संस्थापक संस्कृत विद्वान और पंडित श्रीनिवास शर्मा शास्त्री का 83वें जन्मदिन पर अभिनंदन किया गया। सामाजिक संस्था वीर सावरकर विचार मंच की ओर से आयोजित मित्र मिलन कार्यक्रम में श्रीनिवास शर्मा शास्त्री का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर शास्त्री ने कहा कि मातृभाषा हिंदी और संस्कृत के उत्थान के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपना सहयोग देना चाहिए। मातृभूमि और जननी के कर्ज से कोई व्यक्ति जीवन भर ऋण मुक्त नहीं हो सकता। मंच के प्रवक्ता सुरेश जाजोरिया ने कहा कार्यक्रम सनातन धर्म और हिंदू संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विश्व की कल्याण भावना से आयोजित किया गया।



### ये रहे मौजूद

डा. पवन गोयल, डा. नरेंद्र यादव, संगीतकार श्रीपति शेखावत, महिपाल यादव, ऋषि सिंघल, राजकुमार यादव, श्रीभगवान यादव, प्रदीप शर्मा, शिव कुमार शर्मा, बिजेंद्र डाटा, ओमप्रकाश कालड़ा, संजय शर्मा, त्रिलोकचंद रामायणी, पंडित दलीप शास्त्री, खूबराम सैनी, रामपाल यादव, पंडित नरेंद्र जोशी व पवन गुप्ता मौजूद थे।

### खाद-बीज विक्रेता से ठगी करने के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार



रेवाड़ी। सदर थाना पुलिस अक्टूबर माह में एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट का एसडीओ बताकर एक खाद-बीज विक्रेता से 2.25 लाख रुपये की ठगी करने के मामले दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान जिला गुरुग्राम के गांव गढाईपुर निवासी शिवकुमार व जिला गुरुग्राम के गांव बपास निवासी सुनील कुमार के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक मुख्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। जिला गुरूग्राम के गांव मिलकपुर निवासी ईश्वर सिंह ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसने गांव चिल्हड़ बस स्टैंड पर खाद-बीज की दुकान की हुई है। गत अक्टूबर माह में उसके पास एक नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट का एसडीओ बताते हुए कहा कि वह अपने ड्राइवर को भेज रहा है। उसे 25 हजार रुपये दे देना। वह उसकी दुकान पर खाद भिजवा देगा। इसके बाद एक व्यक्ति उसके पास पहुंचा, जिसने एसडीओ का ड्राइवर बताते हुए उससे 25 हजार रुपये ले लिए। 25 अक्टूबर को उसी नंबर से फोन करके 2 लाख रुपये और देने को कहा। उसने फिर से ड्राइवर को 2 लाख रुपये दे दिए। उसने बताया कि उसके पास खाद भेज दिया जाएगा। बाद में जब उसके पास खाद नहीं आया, तो उसने अपने स्तर पर फोन नंबर का पता लगाया तो यह नंबर गांव चिल्हड़ निवासी नरसिंह उर्फ नरेश के निकला। पुलिस ने मामले में संलिप्त मुख्य आरोपी गांव चिल्हड़ निवासी नरसिंह उर्फ नरेश को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी की गई रकम में से 2 लाख रुपये की राशि बरामद की थी। पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त दो और आरोपी शिवकुमार व सुनील कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**योजना** 2025-26 में 21 महिलाओं को दी जा चुकी 2 लाख 3 हजार 514 रुपये की सहायता

# मातृशक्ति उद्यमिता योजना के तहत महिलाओं को दिया जा रहा पांच लाख तक का ऋण

- आवेदक पहले से लिए गए ऋण का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है, जिसके तहत बैंकों के माध्यम से 5 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से चलाई जा रही है। योजना के तहत वर्ष 2025-26 में 21 केस को 2 लाख 3 हजार 514 रुपए की अनुदान राशि दी जा चुकी हैं। योजना के तहत जिला रेवाड़ी के लिए 2025-26 में 48 केस का लक्ष्य रखा गया है।



रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा।

डीसी ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए महिला की वार्षिक आय पांच लाख रुपए से कम व हरियाणा की स्थायी निवासी होनी चाहिए। ऋण के लिए आवेदक के समय महिला उद्यमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी आवश्यक है। आवेदक पहले से लिए गए ऋण का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। योजना के तहत समय पर किस्त का भुगतान करने पर तीन वर्षों तक सात प्रतिशत ब्याज अनुदान राशि हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से दी जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन पत्र के साथ परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट फोटो, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, ट्रेनिंग प्रमाण पत्र-अनुभव प्रमाण पत्र सहित सभी दस्तावेजों की दो-दो कॉपी होनी चाहिए।

### इन गतिविधियों पर कर सकती है काम की शुरुआत

उन्होंने बताया कि योजना के तहत डेयरी, उद्योग विभाग की सूची में शामिल नकारात्मक गतिविधियों तथा केवीआईबी को छोड़कर अन्य सभी गतिविधियां शामिल है। इन गतिविधियों में यातायात वाहन के तहत ऑटो रिक्शा, छोटा सामान ढ़ोने के वाहन, थ्री व्हीलर, ई रिक्शा, टैक्सी, सामाजिक व व्यक्तिगत सेवा गतिविधियों के तहत सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बुटीक, फोटोस्टेट की दुकान, पापड़ बनाना, आचार बनाना, हलवाई की दुकान, फूड स्टाल, आइसक्रीम बनाने की यूनिट, बिस्कुट बनाना, टिफिन सर्विस व मिट्टी के बर्तन आदि बनाने का काम शुरू कर सकती है।

### जिला परिवेदना समिति की बैठक आज

रेवाड़ी। जिले के नागरिकों की शिकायतों का निवारण करने के लिए जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक 26 दिसंबर को दोपहर 2 बजे बाल भवन स्थित ऑडिटोरियम में होगी, जिसकी अध्यक्षता हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय और नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल करेंगे। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 13 परिवादों की सुनवाई की जाएगी, जिनमें 6 नए व 7 लंबित परिवाद शामिल हैं। इस अवसर पर जिले के विधायक, विभागाध्यक्ष, पंचायत व निकाय समितियों के चेयरमैन तथा जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य उपस्थित रहेंगे।